**समूह कार्य का उपयोग: प्राथमिक विज्ञान**

| **हिन्दी** |
|---|
| कमेंट्री:<br><br>इस प्राथमिक शाला में, अलग अलग भाषा व बोलियों वाली पृष्ठभूमि के लगभग ९० विद्यार्थी, एक ही शिक्षक के साथ पढते हैं।<br><br>एक कमरे की इस बहुवर्गीय शाला को - एक अधूरी दीवार बाँटती है, जो कक्षा १ और २ के विद्यार्थियों को भी, बाकी विद्यार्थियों से अलग करती है।<br><br>कक्षा ३ की दो खड़ी कतारें, कक्षा ४ की दो खड़ी कतारें, और कक्षा ५ की तीन खड़ी कतारें, एक ही जगह साथसाथ बैठती हैं।<br><br>यहाँ शिक्षक समूह कार्यों की गतिविधियों का प्रबंधन कर रहे हैं।<br><br>**शिक्षक:** यह पाठ दिया हुआ है। इस पाठ को आपको पढ़ना है। और इसमें चित्र दिए हुए हैं, ये चित्र समझना है। आप चारों बच्चे पास-पास में ऐसे गोलाकार में बैठ जाएँगे। और फिर ये पहले चर्चा करेंगे कि, कौन कहाँ रहता है। फिर आपको कॉपी निकालना है। और कॉपी में लिखना है, कि मकड़ी है - तो मकड़ी इस में कहाँ पर रह रही है, दिख रही है उसमें?<br><br>अब चौथी वाले बच्चे, हमारी बात ध्यान से सुनिए। कैसे पता चलता है आपको, कि हवा है यहाँ पर? क्या यहाँ कमरे में आपको हवा दिख रही है?<br><br>**विद्यार्थी:** नहीं!<br><br>**शिक्षक:** नहीं दिख रही है। कैसे पता चलता है आपको कि हवा है यहाँ पर?<br><br>**विद्यार्थी:** Page हिल रहे हैं।<br><br>**शिक्षक:** तो आप, जो-जो आपको पता चलता है, जिन बातों से पता चलता है - जिन बातों से पता चलता है कि हवा है - उसको आप लोग ऐसे गोल घेरे में बैठ जाएँगे - और बातचीत कर करके लिखेंगे - कि आपको काहे काहे से पता चलता है। और पीछे वाले भी, ऐसे गोल घेरा बनाकर लिखेंगे।<br><br>पाँचवी वाले, आप लोग बस में सफ़र करते हैं, मोटरसाईकल से करते हैं, टेम्पो में सफ़र करते हैं। |

आपको, चलता हुआ दिखाई देता है। क्या चलते दिखाई देते हैं?

**विद्यार्थी:** पेड़!

**शिक्षक:** तो पेड़ ऐसे उल्टे चलते हुए क्यों दिखते हैं? यह आपको विचार करना है - और बातचीत करके लिखना है।

एक, दो, तीन, चार, पाँच। आप सभी पाँच - गोले में बैठ जायेंगे?

**विद्यार्थी १:** इसका कारण, कैसे चलती है - इसका कारण... क्या करेंगे?

**विद्यार्थी २:** बस चलती है, तो फिर दिखाई देते हैं।

शिक्षक साक्षात्कार:

सबसे पहली बात तो है कि, group कैसे बनाया जाए? एक तो category-wise group बनता है। एक साधारण group बनता है। जो साधारण group है, मतलब जो पास-पास मे बैठे हुए हैं, वो ही लोग मिलके एक group बना लेंगे। और वो काम करने लगेंगे। ये सबसे बढ़िया तरीका इसलिए है, कि वो दोनों एकदूसरे की भावनाओं को आसानी, और feeling से समझते हैं, तो उस चीज़ को जल्दी ग्रहण करते हैं! लेकिन उसमें समस्या क्या आती है - दोनो कमजोर-कमजोर मिलके बहुत अच्छा काम नहीं कर पाते हैं, या बहुत अच्छा अपनेआपमें development नहीं ला पाते!

**शिक्षक:** यह इसमें चित्र दिए हुए हैं। दिख रहे हैं, सबको चित्र?

अब इसमें क्या करना है, जैसे यह मछली है - तो यह मच्छी पानी में रहती है, इसे line से पकड कर खींच कर उसको पानी में लाना है।

मैं यह chart दूँगा। आप लोग दो-दो, तीन-तीन भाई-बहन बैठ जायेंगे, ऐसे गोले में। तो सब देख-देख कर काम करेंगे एकदूसरे का।

तुम - दोनों बनाना, यह तुम दोनों बनाना, ऐसे खसक जाओ। शाब्बास!

**विद्यार्थी ३:** यह पानी में रहता है।

**विद्यार्थी ४:** केकडा भी पानी में रहता है।

**विद्यार्थी ५:** ये भी।

**विद्यार्थी ६:** कछुआ रे?

**विद्यार्थी ५:** कछुआ नहीं।

कमेंट्री:

शिक्षक फिर कक्षा ४ के लिए, ‘हवा’ के विषय पर, एक समूह कार्य की शुरुआत करवाते हैं। इस बार, विद्यार्थियों को, कक्षा के बाहर काम करने का मौका दिया गया है।

**विद्यार्थी ७:** डूब ग...

**विद्यार्थी ८:** और आवाज़ आती है।

**विद्यार्थी ९:** ओय, टेढ़ी मत करना, टेढ़ी का नहीं बोला sir ने!

कमेंट्री:

कक्षा ४ के बाहर होने से, कक्षा ५ के लिए classroom के अंदर, ज़्यादा जगह हो गई है, जिनका पाठ, जलवायु और मौसम के बारे में है।

**शिक्षक:** सूर्य बनकर रहेगी। और आपको काम करना है, और आपको समझाना है इनको सबको। है ना? और रात क्या हो जायेगी?

**विद्यार्थी:** बडी।

**शिक्षक:** बडी हो जायेगी। आ गई बात समझ में सबको? तो अब आप लोग करके बता सकते हैं, गतिविधि? एक बार कोशिश करो आप लोग!

**विद्यार्थी १:** रात छोटी हो गई और दिन बडे हो गये हैं।

दिन छोटे हो गए, रात बडी हो गई है।

कमेंट्री:

ध्यान दीजिए, शिक्षक सभी समूहों के साथ बातचीत करने के लिए, कैसे अपने समय का अच्छी तरह से प्रबंधन करते हैं।

**विद्यार्थी:** कुछ भी नहीं भरा रहा है, वह तो...

**शिक्षक:** चलो अच्छा, आप लोग...

**विद्यार्थी:** हमारा तो कुछ भी नहीं निकल रहा...

**शिक्षक:** बोतल में पानी भरा है आपके?

**विद्यार्थी:** नहीं!

**शिक्षक:** अरे! क्यों नहीं भराया?

**विद्यार्थी:** भराया था पर निकल... वापस निकल गया।

**शिक्षक:** ऐसा उन्धा करोगे तो? अब डूबा कर देखो एक बार, भराता है कि नहीं भराता फिर से?

**विद्यार्थी ९:** बोतल ऊपर-ऊपर आ रही है।

**शिक्षक:** ऊपर आ रही है bottle?

**विद्यार्थी ९:** हवा के मारे।

**विद्यार्थी १०:** इसमें गुंगल नहीं छूट रहे थे, और यह भरा नहीं रही थी।

**शिक्षक:** भरा नहीं रही थी! शाब्बास!

पहले bottle खाली थी कि भरी थी?

**विद्यार्थी:** खाली थी।

**शिक्षक:** तो खाली थी, तो अब, इसको निकाल कर एक बार फिर से करके देखो तो - क्या क्या हो रहा है उसमें?

**विद्यार्थी ११:** यह... इसके अंदर हवा जा रही है ऊपर!

**शिक्षक:** वापस जा रही है ऊपर? अच्छा !

और वापस से डूबा कर देखो तो अब पता चलेगा?

**विद्यार्थी ११:** बाहर हवा निकल रही है।

**शिक्षक:** अच्छा! हवा निकल रही है? अच्छा ! अब बताइए मुझे - कि इसमें क्या क्या है?

**विद्यार्थी:** इधर पानी से भरा हुआ है और...

**शिक्षक:** हाँ, इसमें ऊपर-ऊपर क्या है?

**विद्यार्थी:** हवा!

**शिक्षक:** हवा भरी हुई है!

**विद्यार्थी:** मैंने कर लिया।

मैंने भी कर लिया।

कमेंट्री:

शिक्षक कक्षा पहली और दूसरी के कार्य की जाँच करते हैं। फिर वह कक्षा ५ से - उनके प्रयोग को - कक्षा ३ और ४ के सामने, करके दिखाने के लिए कहते हैं।

**शिक्षक:** आप बडे बच्चे हैं, आप छोटे बच्चों को आसानी से समझा सकते हैं, चौथी वालों को। तो आपको उनको करके और यह समझाकर बताना है आपको। ठीक है?

**विद्यार्थी २:** अभी सुबह हो रही है। इधर से प्रकाश आ रहा है। अभी दोपहर हो रही है। अभी शाम हो रही है।

शिक्षक साक्षात्कार:

ये ज़्यादा बढ़िया तरीका होता है, एक बच्चा एक बच्चे को समझाएगा तो बच्चा बहुत आसानी से समझ जाता है, सीख जाता है।

कमेंट्री:

ज़्यादा विद्यार्थियों वाली, कक्षाओं के साथ, समूह कार्य करवाने में, ध्यानपूर्वक बनाई गई योजना और कक्षा प्रबंधन की ज़रूरत होती है। आपने यहाँ क्या देखा जो, आपको अपने विद्यार्थियों के साथ, प्रभावी समूह कार्य की व्यवस्था करने में मदद करेगा?